पोषण माह 2021 के अंतर्गत पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविधालय , मथुरा मे महिला जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न ।

दिनांक 30 सितम्बर को महिला अध्ययन केन्द्र , दुवासू मथुरा के अंतर्गत एक दिवसीय पोषण माह कार्यशाला का आयोजन विश्वविधालय के किसान भवन सभागार मे किया गया । जिसमें 70 महिलाओं , किशोरियों एंव बच्चो ने भाग लिया । इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य घरेलू महिलाओं , किशोरियों एवं बच्चों को पोषण , पोषक तत्वों , कुपोषण एवं पोषण वाटिका के प्रति जागरूक कराना एवं उनके आत्मविश्वास को सजग कर आत्मनिर्भर बनाना था । कार्यशाला मे डाँ0 अम्बिका शर्मा , कार्यक्रम समन्वयक ने सभागार मे उपस्थित जनसमूह को पोषण माह की गतिविधियों को विस्तार पूर्वक बताने के साथ-साथ पोषण वाटिका विषय पर विस्तत व्याख्यान प्रस्तुत किया । कार्यशाला का मुख्य आर्कषण था **"रेसीपी मेकिंग स्पर्धा"** जिसमें महिलाओं ने बढ चढ कर प्रतिभाग किया । उपस्थित महिलाओं को चौलाई , पालक एवं मेथी के बीज वितरित कर पोषण वाटिका स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया । इस दौरान महिला अध्ययन केन्द्र के व्दारा संपादित पत्रक **"पोषक तत्वों की महत्तवा - पोषाहार"** तथा **"आयु के विभिन्न चरणों मे महिलाओं के लिये पोषण"** का वितरण किया गया । कार्यशाला को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी , महिला अध्ययन केन्द्र दुवासू डाँ0 अर्चना पाठक ने महिलाओं को समग्र स्वास्थ्य हेतु पोषण योग्य पौष्टिक आहार एवं कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पौष्टिक आहार वितरित करने के महत्व पर जोर दिया । महिला अध्ययन केन्द्र की सदस्या डाँ0 बरखा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए साग सब्जियों आदि को साफ सफाई से धोने का मशविरा देते हुए प्रति छह माह मे क्रमि नाशक दवाओं का प्रयोग करने की सलाह दी । कार्यशाला मे महिला अध्ययन केन्द्र के सभी सदस्यो के उत्साह एवं सहयोग से कार्यक्रम सफलातापूर्वक सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में डाँ0 रजनीश सिरोही , डाँ0 वर्षा गुप्ता , डाँ0 रूचि तिवारी , डाँ0 मीना गोस्वामी अवस्थी , डाँ0 पारूल , डाँ0 रश्मि एवं डाँ0 शालिनी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही । डाँ0 ममता ने कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन किया ।

एक दिवसीय कार्यशाला पोषण माह 2021